# कार्यालय कलेक्टर (भू–अभिलेख) कबीरधाम (छ.ग.)

विज्ञप्ति

क्रमांक / 755 अधी.भू–अभि. / स्था. / न.क्र. / 2012 कवर्धा, दिनांक 9-8-2012 अगस्त, 2012

छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, रायपुर के ज्ञापन क्रमांक / एफ 6–138 / 2004 / 7–3 रायपुर, दिनांक 31.07.2012 में प्रदत्त निर्देशों के अनुसार जिले में पटवारी के रिक्त पदों हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये योग्य उम्मीदवार के चयन के लिये पटवारी चयन प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु जिले के निवासी इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2/ आवेदन पत्र में संलग्न प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियों को राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कराया जाए।

3/ आवेदन पत्र दिनांक **10 सितम्बर, 2012** तक जिला कलेक्टर कार्यालय की भू–अभिलेख शाखा में कार्यालयीन दिवस में दोपहर 2.30 बजे तक जमा कराए जा सकते हैं। इसके उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4/ जिले में पटवारी (वेतनमान प्रशिक्षण उपरांत नियुक्त होने पर रूपए 5200–20200 तथा ग्रेड पे रूपए 2200 / – के रिक्त पदों का विवरण निम्नांकित हैः–

5/ रिक्त पटवारी पदों का विवरण निम्नांकित अनुसार हैः–

| क्र | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | वर्ग | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अजा. | | अजजा | | अपिव. | | अनारक्षित | | योग | |
| | | | पु. | महि. | पु. | महि. | पु. | महि. | पु. | महि. | पु. | महि. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | पटवारी | 73 | 4 | 2 | 14 | 6 | 1 | 1 | 32 | 13 | 51 | 22 |

शर्ते :– (1) रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है। इस पर कलेक्टर का निर्णय अंतिम होगा।

(2) विज्ञापित पदों पर चयन करने या नहीं करने का अधिकार कलेक्टर के पास सुरक्षित रहेगा।

(3) रिक्त पदों के विज्ञापन के संबंध में विस्तृत विवरण जिला कलेक्टर के कार्यालय / वेब साईट से लिया जा सकता है। जिन तहसीलों में इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं उन विकासखंड मुख्यालय तथा तहसील मुख्यालय में ऑफ लाईन मोड में आवेदन पत्र का प्रारूप अपलोड किया जाय ताकि अभ्यार्थी कम्प्यूटर से आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर सकें।

(4) आयु सीमा :– आवेदक 1 जनवरी 2012 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच की आयु सीमा पूर्ण करता हो। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / महिला आवेदकों के लिये आयु सीमा के मामले में शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के आधार पर छूट मान्य होगी, जो कि अधिकतम 45 वर्ष तक ही होगी।

6/ शैक्षणिक योग्यताः– आवेदक को कम से कम :–

(1) छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

तथा

(2) शासकीय अथवा अर्द्ध शासकीय या भारत सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से एक वर्श का कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता (डिप्लोमा) (प्रमाण पत्र संलग्न करें) परन्तु
अधिसूचित क्षेत्र के सफल उम्मीदवार जो पटवारी पद पर चयनित होंगे, को शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय या भारत सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थाओं से एक वर्श के अंदर कम्प्यूटर एप्लीकेशन (डिप्लोमा) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

7/ स्थानीय निवास और रोजगार कार्यालय का पंजीयन :– आवेदक को जिले का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है (प्रमाण पत्र संलग्न करें) तथा उसका नाम छत्तीसगढ़ के रोजगार कार्यालय में प्रविशठ होना चाहिये जो कि आवेदन दिनांक को जीवित भी हो (प्रमाण पत्र संलग्न करें)।

8/ आवेदन पत्र और प्रवे ा पत्र पर स्वयं का पास पोर्ट साईज छायाचित्र राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कर चस्पा किया जाए।

9/ आवेदक द्वारा सभी प्रमाण पत्र यथा जन्म दिनांक हेतु हाई स्कूल (10वीं) की अंकसूची/प्रमाण–पत्र हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय में पंजीयन का जीवित प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर अर्हता का प्रमाण पत्र (मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा ही) आदि की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। इन्हें ज्वाइनिंग के समय मूल रूप से प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

10/ कप्यूटर एप्लीकेशन अर्हता (डिप्लोमा) हेतु मात्र– निम्नांकित को ही मान्यता है:–

(i) कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेन्ट– एक वर्शीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. से।

(ii) प्रदेश के पॉलिटेक्नीक से मार्डन आफिस मेनेजमेंट या कम्प्यूटर साईंस या इन्फामेंशन टेक्नालॉजी में त्रिवर्शीय डिप्लोमा या समकक्ष डिप्लोमा।

(iii) पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर/गुरू घासीदास वि वविद्यालय बिलासपुर/इंदिरागांधी मुक्त विश्वविद्यालय/भोज विश्वविद्यालय से एक वर्शीय (Post Graduate Diploma in Computer Application) या समकक्ष डिप्लोमा।

(iv) मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्नीकल एजुकशन/राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साईंस/मार्डन आफिस मैनेजमेंट का डिप्लोमा (2 वर्श से अन्यून)

(v) वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड यूनिवर्सिटी/ मुक्त वि वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर साईंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पी.जी. डिप्लोमा अथवा स्नातक अथवा स्नात्कोत्तर उपाधि।

(vi) DOEACC Society New Delhi द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा एवं

(vii) मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्राम अस्टिस्टेन्ट व्यवसाय में प्रदत्त एक वर्शीय सर्टिफिकेट।

11/ आवेदन के साथ आवेदक, स्वयं का डाक का पता लिखकर 10/– रू. का डाक टिकट लगा लिफाफा संलग्न किया जाए।

12/ पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होगी। जिसके अधिकतम 100 अंक होंगे। साक्षात्कार नहीं होगा।

13/ असत्य जानकारी प्रस्तुती पर उम्मीदवारी और चयन किसी भी स्तर पर निरस्त कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

14/ गृह (पुलिस) विभाग से चरित्र सत्यापन कराया जाएगा। आवेदक इसकी अनुकूलता पर ही प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

अपर कलेक्टर
जिला–कबीरधाम

Patwari Estab12

# कार्यालय कलेक्टर (भू–अभिलेख) कबीरधाम (छ.ग.)

पटवारी पदो के प्रशिक्षण हेतु योग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु

–::विज्ञापन::–

कबीरधाम जिले में 73 रिक्त पटवारी पदो के प्रशिक्षण हेतु योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितम्बर 2012 दोपहर 2.30 बजे तक है। आवेदन पत्र जिला कबीरधाम के भू–अभिलेख शाखा में निर्धारित समय पर जमा कराये जा सकेंगे।

पदों का विवरण, शैक्षणिक योग्यता, अर्हता सहित अन्य सभी विवरण हेतु तथा आवेदन पत्र का प्रारूप की जानकारी जिला कार्यालय के भू–अभिलेख शाखा के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है एवं वेब साइट www.kawardha.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। जिन तहसीलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं है उन तहसीलों में ऑफ लाईन मोड में आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

अपर कलेक्टर
जिला–कबीरधाम

पृ.क्रमांक / 756 / भू–अभिलेख / स्था. / 2012 कवर्धा, दिनांक 9 / 08 / 2012

प्रतिलिपिः–

1– जिला जनसम्पर्क अधिकारी, कबीरधाम की ओर समस्त दैनिक समाचार पत्रों में शीघ्र प्रकाशन हेतु प्रेषित है।

अपर कलेक्टर
जिला–कबीरधाम

Patwari Estab15

## पटवारी चयन परीक्षा हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित

प्रति,

कलेक्टर,
कबीरधाम (छ.ग.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | आवेदक का नाम | : | ........................ |
| 2– | आवेदक के पिता का नाम | : | ........................ |
| 3– | जन्म दिनांक (अंको में) | : | ........................ |
| | (शब्दों में) | : | ........................ |
| | (प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) | | |
| 4– | स्थायी निवास का पता | : | ........................ |
| | | : | ........................ |
| | | : | ........................ |
| 5– | पत्र व्यवहार का पता | : | ........................ |
| | | : | ........................ |
| | | : | ........................ |
| 6– | दिनांक 1 जनवरी 12 को आवेदक की आयु | : | वर्ष ........ माह ........ |
| 7– | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़े वर्ग के हों तो (प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। | : | ........................ |
| 8– | शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी स्कूल / (10+2) बोर्ड का नाम वर्ष और प्राप्त प्रतिशत। (प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।) | : | ........................<br>........................ |
| 9– | कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता (डिप्लोमा) (प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।) | : | ........................ |
| 10– | रोजगार कार्यालय का नाम तथा पंजीयन क्रमांक जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें। | : | ........................<br>........................<br>........................ |
| 11– | मूल निवास के जिले का नाम (छत्तीसगढ़ मूल निवासी होने का सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें। | : | ........................ |
| 12– | संलग्नकों की संख्या। | : | ........................ |

स्थान– : ........................
दिनांक– : ........................

आवेदक के हस्ताक्षर
(नाम :–........................)

आवेदक अपने हस्ताक्षर राजपत्रित अधिकारी
के सामने करें एवं प्रमाणित कराएं।

## पटवारी चयन प्रतियोगिता वर्ष 2012
## प्रवेश पत्र
## जिला–कबीरधाम

पासपोर्ट साईज का नवीनतम फोटो राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित

(इस प्रवेश पत्र में रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र व परीक्षा दिनांक को छोड़कर, शेष पूर्तियॉ परीक्षार्थी को ही करना है।)

1– आवेदक का नाम : ..............................................
: ..............................................
2– आवेदक के पिता/पति का नाम : ..............................................
: ..............................................
4– निवासी : ..............................................
: ..............................................
: ..............................................
5– पत्र व्यवहार का पता : ..............................................
: ..............................................
: ..............................................

1. परीक्षा दिनांक : ..............................................
2. परीक्षा समय : ..............................................
3. परीक्षा केन्द्र का पता : ..............................................
: ..............................................
: ..............................................

(जारी करने वाले अधिकारी
के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा)

..............................................................................................

कार्यालय कलेक्टर (भू–अभिलेख) जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**–:: आवेदन प्राप्ति की रसीद ::–**

श्री/श्रीमती/कु. .............................................. पिता/पति श्री..............................................
की पटवारी चयन प्रतियोगिता परीक्षा वर्ष 2012 हेतु आवेदन पत्र मय सहपत्रों के प्राप्त हुआ।

स्थान : ............................

दिनांकः–............................

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
एवं कार्यालय की पदमुद्रा